# 10 दिन तक चलेगा प्रदेश का पहला कोऑपरेटिव एक्सपो

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**IGP में युवा सहकार सम्मेलन आज, सीएम करेंगे उद्घाटन**

सहकारी संस्थाओं को उत्पादों की बिक्री के लिए 10 दिन तक बड़ा मंच मिलेगा। इसके लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 21 दिसंबर से प्रदेश का पहला कोऑपरेटिव एक्सपो शुरू होगा। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के समापन के मौके पर युवा सहकार सम्मेलन भी होगा। इनका उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे।

मंत्री ने कहा कि विभाग माध्यमिक शिक्षा परिषद में भी सहकारिता को विषय में तौर पर शामिल करवाने का प्रयास कर रहा है। NCERT में पहले से इसकी पढ़ाई हो रही है। बताया कि सहकारिता विवि भी खोलने की तैयारी है। फिलहाल लखनऊ के सहकारी और कॉरपोरेट प्रबंधन अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (ICCMRT) को गुजरात के त्रिभुवन दास सहकारी विवि से संबद्धता दिलाई जाएगी।

**वाराणसी में खुलेगा कोऑपरेटिव मॉल:** मंत्री ने बताया कि वाराणसी में करीब ₹100 करोड़ की लागत से सहकारिता शॉपिंग मॉल खोला जाएगा। इसकी जमीन चिह्नित हो गई है।